प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी के नाम पर की जायेगी चर्चा।
02. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की करेंगे शुरुआत। यात्रा राज्य के पच्चीस जिलों से होकर गुजरेगी।
03. भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज नई दिल्ली पहुंचे। अगले वर्ष के अंत तक प्रक्षेपित किये जाने वाले प्रथम अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए चुने गए।
04. और, राज्य में मॉनसून की सक्रियता में आई कमी। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, पूर्णियां और किशनगंज जिले के आस–पास के क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी।

————————————————————

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की आज नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में बैठक होगी। इसमें उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी के नाम पर चर्चा की जायेगी। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उप–राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया है। उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए इक्कीस अगस्त तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं। चुनाव नौ सितम्बर को होगा। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण हो रहा है।

————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरुआत करेंगे। सोलह दिन तक चलने वाली यह यात्रा राज्य के पच्चीस जिलों से होकर गुजरेगी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने पटना में बताया कि यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। श्री सिंह ने कहा कि इस पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की कथित गड़बड़ियों को उजागर किया जायेगा।

———बाइट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि हम कई जिलों में जाएंगे और हमारी कोशिश रहेगी कि लोगों को जागरूक करें जिससे किसी मतदाता का नाम न छूटे।

———बाइट———

———————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की वोट बचाओ यात्रा से आम मतदाताओं का कोई सरोकार नहीं है।

———बाईट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने विपक्ष के मतदाता अधिकार यात्रा पर कहा कि विपक्ष तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है।

———बाईट———

———————————————————————————————

इधर, सासाराम में राहुल गांधी की यात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर है। राजद के वरिष्ठ नेता और बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि सुअरा हवाई अड्डा मैदान में एक जनसभा होगी। इसके बाद मतदाता अधिकार यात्रा की शुरूआत होगी।

———————————————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर वी. नारायणन ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। श्री शुक्ला पन्द्रह जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से लौटे हैं। वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र जाने वाले पहले भारतीय हैं। शुभांशु ने नासा के एक्सिओम–4 मिशन का नेतृत्व किया था। इसे पच्चीस जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से प्रक्षेपित किया गया था। मिशन के दौरान, शुभांशु ने अंतरिक्ष में अभूतपूर्व सूक्ष्म–गुरुत्वाकर्षण प्रयोग किए। शुभांशु भारत के प्रथम अंतरिक्ष यान मिशन गगनयान के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं। इसे अगले वर्ष के अंत तक प्रक्षेपित किये जाने की संभावना है।

———————————————————————————————

राज्य के एक सौ बानवे बाल विकास परियोजना कार्यालयों में आंगनबाड़ी में नामांकित बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए केन्द्र खोला जायेगा। आईसीडीएस के निदेशक अमित कुमार पांडेय ने बताया कि इन केन्द्रों पर राज्य के लगभग तिरानवे लाख बच्चों का आधार कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार उन्नीस के बाद यह काम शुरू किया गया था, लेकिन कई गड़बड़ियों के कारण इसे बंद कर दिया गया था।

———————————————————————————————

पशु और मत्स्य संसाधन विभाग प्रदेश के उन्नीस जिलों में संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्र खोलेगा। इसके साथ ही दो अनुमंडलीय और चार प्रथम स्तर के चिकित्सालय भी खोले जायेंगे। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ने इसके लिए दो सौ उन्नीस करोड़ इकतीस लाख रूपये की राशि जारी कर दी है। इन केन्द्रों पर पशु पालकों, मत्स्य पालकों और इन विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सासाराम के तत्कालीन यातायात आरक्षी उपाधीक्षक, डीएसपी आदिल बिलाल और उनके बॉडी गार्ड पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गौरतलब है कि सासाराम शहर में सत्ताईस दिसम्बर दो हजार चौबीस को डीएसपी ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जब वह अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी मना रहा था। वहीं, राज्य सरकार ने आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में आईपीएस सह अपर पुलिस महानिदेशक अमित लोढा के खिलाफ मामला दर्ज करने की मंजूरी दे दी है।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। इसके कारण राज्य के विभिन्न भागों में बारिश में कमी देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश भागों में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन वज्रपात और तेज हवा चलने की आशंका है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश में कमी के कारण, गंगा, गंडक, बूढी गंडक और कोसी समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव बना हुआ है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर से लेकर कहलगांव तक घटा है। हालांकि पटना के गांधीघाट, हाथीदह, भागलपुर और कहलगांव में गंगा नदी अभी भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में लाल निशान से अब भी ऊपर बनी हुई है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से अड़तीस सेंटीमीटर और बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में लाल के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर है। बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में, कमला बलान नदी मधुबनी के झंझारपुर में और कोसी नदी

का जलस्तर खगड़िया के बलतारा तथा कटिहार के कुरसेला में अब भी लाल निशान के पास बना हुआ है।

———————————————————————

दरभंगा ज़िले के लहेरियासराय स्टेशन पर हावड़ा रक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू हो गया है। ट्रेन के रुकने के बाद दरभंगा के सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर और राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने चालक दल के कर्मचारियों को मिथिला परंपरानुसार पाग और चादर से सम्मानित किया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। सप्ताह में दो दिन चलने वाले इस ट्रेन से खासकर मिथिला से देवघर जाने वाले लोगों को बहुत ही लाभ मिलेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पुरुषों की बारहवीं एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर और प्रतीक चिन्ह का अनावरण करेंगे। यह प्रतियोगिता उनतीस अगस्त से शुरू होगी। प्रतियोगिता सात सितंबर तक राजगीर स्टेडियम में खेली जायेगी।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा पेपरलीक मामले के आरोपी राज किशोर कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। राजकिशोर पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। ईओयू के अनुसार राजकिशोर के बैंक खातों से एक करोड़ पचास लाख रूपये जब्त किये गये हैं।

———————————————————————

भारतीय चिकित्सा केंद्रीय आयोग ने बेगूसराय जिले के राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में नए सत्र के लिए तैंतीस छात्रों के नामांकन की अनुमति दे दी है। यह नामांकन नीट परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों के बीच से बिहार राज्य प्रतियोगिता परीक्षा चयन परिषद के अनुशंसा के आलोक में किया जाएगा। इन सीटों में केंद्रीय कोटे की पांच और राज्य की अट्ठाईस सीट शामिल है।

———————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के चारघरिया के पास पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा, एक पिस्टल और सात कारतूस बरामद किया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से की गयी घोषणाओं पर लिखा है– बिहार में उद्योग लगाने पर सरकार विशेष पैकेज देगी, कानून का राज बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।

दैनिक जागरण ने एनसीईआरटी की ओर से जारी विशेष मॉड्यूल को बड़ी खबर बनाया है– अखबार लिखता है मॉड्यूल में लिखा गया है कि जिन्ना, कांग्रेस और माउंट बेटन विभाजन के जिम्मेदार।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– पटना में ट्यूशन पढ़ कर लौट रहे भाई–बहन की हत्या। कार में मिला शव।

प्रभात खबर ने प्रदेश में राजस्व महाअभियान कार्यक्रम पर लिखा है– जमीन के दस्तावेजों को ठीक करने के लिए अभियान शुरू।

आज अखबार की सुर्खी है– राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लासपूर्वक मना आजादी का पर्व।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी के नाम पर की जायेगी चर्चा।
02. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी आज सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की करेंगे शुरुआत। यात्रा राज्य के पच्चीस जिलों से होकर गुजरेगी।
03. भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज नई दिल्ली पहुंचे। अगले वर्ष के अंत तक प्रक्षेपित किये जाने वाले प्रथम अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए चुने गए।
04. और, राज्य में मॉनसून की सक्रियता में आई कमी। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, पूर्णियां और किशनगंज जिले के आस–पास के क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।